>

Title: Need to set up a Manganese Ore based industry in Reeva district, Madhya Pradesh.

श्री चन्द्र मणि त्रिपाठी (रीवा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा मध्य प्रदेश के सेमरिया में मेंगनीज़ का प्रचुर भंडार है जिसका भारी पैमाने पर उत्खनन कर बिहार और झारखंड ले जाया जाता है। अगर भारत सरकार वहां पर सेमरिया के आस-पास मेंगनीज़ से संबंधित कारखाना लगाने की दिशा में पहल करे तो न केवल रीवा संसदीय क्षेत्र अपितु रीवा संभाग की बेरोज़गारी दूर हो सकती है और जो बेरोज़गार हाथ गुमराह हो रहे हैं, उनको रचनात्मक दिशा में मोड़ा जा सकता है। इसी प्रकार डमौरा के पास सिलिका सैन्ड की प्रचुरता है। वहां स्लेट बनाने का कारखाना लगाया जा सकता है। अकेले रीवा जिले में चूने के पत्थर का भण्डार होने से 2 सीमेन्ट फैक्टियां लगी हुई हैं और न केवल काफी लाभ कमा रही हैं, बल्कि रीवा के औद्योगिक विकास में भी योगदान दे रही हैं।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि सरकार रीवा जिले में मेंगनीज़ से संबंधित कारखाना लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करे ताकि रीवा जिले की बेरोज़गारी कुछ हद तक दूर हो सके। अतः सरकार इस दिशा में शीघ्र ही सार्थक एवं ठोस कदम उठाए।